राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल से माननीय शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रम बदलाव के संबंध में की चर्चा

पटना, 06 सितम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान से माननीय शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी ने आज राजभवन पहुँचकर मुलाकात की और उन्हें लोकनायक जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों में राजनीतिशास्त्र एवं अन्य विषयों के स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम में हुए बदलाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

राज्यपाल को श्री चौधरी ने राज्य सरकार के दृष्टिकोण से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं डॉ० राम मनोहर लोहिया जैसे चिन्तकों की विचारधारा ने सिर्फ बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश पर अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने राज्यपाल से कहा कि बिहार की जनभावना एवं यहाँ के राजनीतिक परिवेश से इन महापुरूषों का गहरा संबंध रहा है तथा इनके विचारों को पाठ्यक्रम से बाहर करना अनुचित एवं बिहारवासियों की भावना के प्रतिकूल है।

श्री चौधरी ने इस तथ्य को भी राज्यपाल के संज्ञान में लाया कि पाठ्यक्रम में बदलाव हेतु निर्धारित सामान्य प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। उन्होंने राज्यपाल से आवश्यक हस्तक्षेप कर इस मामले का तुरन्त निराकरण करने का अनुरोध किया।

राज्यपाल ने माननीय शिक्षा मंत्री की बातें ध्यान से सुनी और विषय की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए इसी सप्ताह सभी विश्वविद्यालयों के अधिकारियों की बैठक बुलाकर इसके निदान का भरोसा दिलाया।

....